**जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को न कहा जाय तब तक न खोलें ।**

# प्रश्न पुस्तिका

Question Booklet Bar Code Serial No.
प्रश्न–पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या

**विषय कोड : 01**

**विषय : हिन्दी**

**अनुक्रमांक (अंकों में) :** | | | | | | | |

**अनुक्रमांक (शब्दों में) :** ____________________

| अभ्यर्थी के हस्ताक्षर | | कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर | |
|---|---|---|---|

**समय : 2 घण्टे** **पूर्णांक : 200**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न–पुस्तिका में दो भाग हैं । जिसके प्रथम भाग में सामान्य ज्ञान से सम्बन्धित कुल **30** प्रश्न हैं ।
2. इस प्रश्न–पुस्तिका के द्वितीय भाग में वैकल्पिक विषय से सम्बन्धित कुल **70** प्रश्न हैं ।
3. इस प्रश्न–पुस्तिका में **100** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए चार विकल्प दिए गए हैं । इनमें से एक विकल्प को चुन लें, जिसे आप उत्तर पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगें कि एक से अधिक विकल्प सही हैं, तो उस विकल्प को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगें । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए केवल एक ही विकल्प चुनना है ।
4. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस प्रश्न–पुस्तिका की जाँच अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, कटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो ।**
5. अभ्यर्थी कक्ष निरीक्षक द्वारा निर्देश देने के उपरान्त ही प्रश्न–पुस्तिका की सील खोलें ।
6. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर उत्तर देने से पहले प्रश्न–पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।
7. उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक, विषय, प्रश्न–पत्र का सही कोड, उत्तरित प्रश्नों की संख्या तथा अनुत्तरित प्रश्नों की संख्या स्वच्छतापूर्वक लिखें अन्यथा उत्तर पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
8. अभ्यर्थी सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर काले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा गहरा कर दें । एक से अधिक उत्तर देने की दशा में उत्तर को गलत माना जायेगा एवं उसे जाँचा नहीं जायेगा ।
9. उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) में एक बार गोला भरे जाने के बाद उसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जायेगा ।
10. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) को किसी प्रकार न मोड़ें ।
11. आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर ही देने हैं । परीक्षा के उपरांत उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) कक्ष निरीक्षक को लौटा दें ।
12. यदि हिन्दी या अंग्रेजी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अन्तिम माना जाएगा ।
13. यदि कोई अभ्यर्थी अनुचित साधन का प्रयोग करता है या उसका प्रयास करता है अथवा परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का व्यवधान करता है, तो वह परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा ।
14. कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जायेगा जब तक **120** मिनट (दो घण्टे) पूरे न हो गये हो ।
15. कोई भी रफ कार्य, यदि कोई हो, इस कार्य हेतु निर्धारित खाली पन्नों पर ही किया जाना चाहिये । अतिरिक्त पन्ने नहीं दिये जायेंगे ।
16. अपना अनुक्रमांक आदि लिखने के लिए तथा उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर उत्तरों को भरने के लिए केवल काले बॉल प्वाइंट पेन का प्रयोग करें ।

**जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को न कहा जाय तब तक न खोलें ।**

***Note : The English version of the instructions is printed on the last page of this Question Booklet.***

# सामान्य ज्ञान
# GENERAL KNOWLEDGE

1. राजभाषा कीर्ति पुरस्कार योजना का मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन–सा है ?
   (A) आधिकारिक कार्यों में हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करना
   (B) आधिकारिक कार्यों में अंग्रेजी को प्रोत्साहित करना
   (C) भारत में क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना
   (D) हिन्दी के कवियों को सम्मान देना

   Which of the following is the main objective of the Rajbhasha Kirti Puraskar Yojana ?
   (A) To encourage the use of Hindi in official work
   (B) To encourage English in official work
   (C) To Promote regional languages in India
   (D) To honour Hindi poets

2. उत्सव पोर्टल किस वर्ष प्रारम्भ किया गया ?
   In which year was the UTSAV portal launched ?
   (A) 2024 (B) 2023 (C) 2020 (D) 2022

3. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए ।

| सूची – I (लेखक) | सूची – II (पुस्तक) |
|---|---|
| a. अरविंद अडिगा | I. द गॉड ऑफ स्माल थिंग्स |
| b. किरण देसाई | II. द इनहेरिटेंस ऑफ लॉस |
| c. अरुंधती रॉय | III. द व्हाइट टाइगर |
| d. वी. एस. नायपॉल | IV. इन ए फ्री स्टेट |

**कूट :**
(A) a – I, b – III, c – II, d – IV (B)a – III, b – II, c – I, d – IV
(C) a – II, b – IV, c – I, d – III (D)a – IV, b – I, c – III, d – II

Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below the lists.

| List – I (Author) | List – II (Book) |
|---|---|
| a. Arwind Adiga | I. The God of Small Things |
| b. Kiran Desai | II. The Inheritance of Loss |
| c. Arundhati Roy | III. The White Tiger |
| d. V. S. Naipaul | IV. In a Free State |

**Code :**
(A) a – I, b – III, c – II, d – IV (B) a – III, b – II, c – I, d – IV
(C) a – II, b – IV, c – I, d – III (D) a – IV, b – I, c – III, d – II

4. कौन–सी भारतीय कम्पनी, 2024 में रु. 20 लाख करोड़ का बाजार पूँजीकरण हासिल करने वाली भारतीय पहली कम्पनी बन गयी ?

(A) रिलायंस इंडस्ट्रीज

(B) टी.सी.एस.

(C) एच.डी.एफ.सी. बैंक

(D) अडानी एंटरप्राइजेज

Which Indian company became the first Indian company to achieve a market capitalization of Rs. 20 lakh crore in 2024 ?

(A) Reliance Industries

(B) T.C.S.

(C) HDFC Bank

(D) Adani Enterprises

5. किस खुशबूदार उपज के उत्पादन के लिए नागौर प्रसिद्ध है ?

(A) जीरा (B) मेथी

(C) लहसुन (D) धनिया

Nagaur is famous for the production of which aromatic crop ?

(A) Cumin seeds (B) Fenugreek

(C) Garlic (D) Coriander

6. भारत का पहला पुन:प्रयोज्य हाईब्रिड राकेट रुमी-। प्रक्षेपित किया गया

(A) 31 दिसंबर 2024

(B) 04 दिसंबर 2024

(C) 04 सितंबर 2024

(D) 24 अगस्त 2024

India's first reusable hybrid rocket Rhumi-I was launched on

(A) December 31, 2024

(B) December 04, 2024

(C) September 04, 2024

(D) August 24, 2024

7. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए ।

| **सूची – I (मुक्त विश्वविद्यालय)** | **सूची – II (स्थान)** |
|---|---|
| a. ग्लोबल मुक्त विश्वविद्यालय | I. कोटा |
| b. नेताजी सुभाषचंद्र बोस मुक्त विश्वविद्यालय | II. कोलकाता |
| c. वर्धमान महावीर मुक्त विश्वविद्यालय | III. विलासपुर |
| d. पं. सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय | IV. दीमापुर |

**कूट :**

(A) a – IV, b – III, c – II, d – I
(B) a – III, b – II, c – IV, d – I
(C) a – II, b – I, c – IV, d – III
(D) a – IV, b – II, c – I, d – III

Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below the lists.

| **List – I (Open University)** | **List – II (Place)** |
|---|---|
| a. Global Open University | I. Kota |
| b. Netaji Subhashchandra Bose Open University | II. Kolkata |
| c. Vardhman Mahaveer Open University | III. Bilaspur |
| d. Pt. Sundarlal Sharma Open University | IV. Dimapur |

**Code :**

(A) a – IV, b – III, c – II, d – I
(B) a – III, b – II, c – IV, d – I
(C) a – II, b – I, c – IV, d – III
(D) a – IV, b – II, c – I, d – III

8. इनमें से कौन शिक्षा का एक अनौपचारिक अभिकरण स्रोत नहीं है ?

(A) परिवार
(B) समुदाय
(C) सामान्य खेल
(D) धार्मिक संस्थाएँ

Which one of the following is not a source of informal agency of education ?

(A) The family
(B) The community
(C) General games
(D) Religious institutions

9. निम्न को एक अनुक्रम में प्रारम्भ से शुरू करके व्यवस्थित कीजिए ।

I. शोध समस्या का चयन
II. शोध विधि
III. शोध के उद्देश्य
IV. आँकड़ों का संग्रह

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) I, II, IV, III
(B) I, IV, III, II
(C) II, III, IV, I
(D) I, III, II, IV

Arrange the following from beginning in a sequence.

I. Selection of research problem
II. Method of research
III. Objective of research
IV. Data collection

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(A) I, II, IV, III
(B) I, IV, III, II
(C) II, III, IV, I
(D) I, III, II, IV

10. नीचे दो कथन हैं जिनमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**अभिकथन (A)** : एन.आई.आर.एफ. एक रैंकिंग प्रणाली है जिसे भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने 2015 में शुरू किया था ।

**कारण (R)** : एन.आई.आर.एफ. का उद्देश्य विभिन्न मापदण्डों के आधार पर भारत भर में उच्च शिक्षा संस्थानों का निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन प्रदान करना है ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R) , (A) की सही व्याख्या करता है
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R) , (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(C) (A) सत्य है परन्तु (R) गलत है
(D) (A) गलत है परन्तु (R) सत्य है

Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R).

**Assertion (A)** : The NIRF is a ranking system introduced by the Ministry of Education, Govt. of India in 2015.

**Reason (R)** : NIRF aims to provide a fair and transparent assessment of higher education institution across India based on various parameters.

Select the correct answer from the code given below :

**Code :**

(A) Both A and R are true and R is the correct explanation of A
(B) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A
(C) A is true but R is false
(D) A is false but R is true

11. प्रशासन में बिग डेटा एनालिटिक्स के प्रमुख उपयोग क्या हैं ?

a. बीमारियों के प्रसार पर नजर रखना ।

b. चुनाव परिणामों की भविष्यवाणी करना ।

c. साइबर सुरक्षा बढ़ाना ।

d. सरकारी कर राजस्व में वृद्धि ।

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) केवल a, b, c
(B) केवल a, c, d
(C) केवल c, b
(D) केवल b, d

What are the major uses of Big Data Analytics in governance ?

a. Tracking the spread of diseases.
b. Predicting election outcomes.
c. Enhancing cyber security.
d. Increasing govt. tax revenue.

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(A) a, b, c only
(B) a, c, d only
(C) c, b only
(D) b, d only

12. ब्लूम द्वारा प्रतिपादित ज्ञानात्मक शैक्षिक उद्देश्यों में निम्नलिखित में से कौन सम्मिलित नहीं है ?

(A) बोध
(B) अनुप्रयोग
(C) विश्लेषण
(D) व्यवस्था

Which of the following is not included in the cognitive educational objective proposed by Bloom ?

(A) Comprehension
(B) Application
(C) Analysis
(D) Organization

13. निम्नलिखित में से कौन-सा एक आई.सी.टी. प्रणाली का घटक नहीं है ?

(A) हार्डवेयर
(B) साफ्टवेयर
(C) सूचना
(D) बायोमेट्रिक सेंसर

Which of the following is not a component of an ICT system ?

(A) Hardware
(B) Software
(C) Information
(D) Biometric sensors

14. कम्प्यूटर की मेमोरी जो उसके निर्माण के समय प्रोग्राम की जाती है, कहलाती है

(A) आर ओ एम
(B) आर ए एम
(C) पी आर ओ एम
(D) ई पी आर ओ एम

The memory of the computer which is programmed at the time of its manufacturing is called as

(A) ROM
(B) RAM
(C) PROM
(D) EPROM

15. निम्न में से कौन एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उपकरण नहीं है ?

(A) गूगल प्ले स्टोर
(B) जेमिनी
(C) क्लाउड
(D) चैट जीपीटी

Which one of the following is not an Artificial Intelligence(AI) tool ?

(A) Google Play Store
(B) Gemini
(C) Claude
(D) Chat GPT

16. निम्नलिखित में से कौन मृदा प्रदूषण का कारण है ?

(A) ओजोन
(B) एरोसाल
(C) एसिड-वर्षा
(D) स्मोग

Which of the following is the cause of soil pollution ?

(A) Ozone
(B) Aerosol
(C) Acid-rain
(D) Smog

17. ''लिम्बिक तन्त्र'' भाग है

(A) प्रजनन तन्त्र का
(B) तंत्रिका तन्त्र का
(C) पाचन तन्त्र का
(D) उत्सर्जन तन्त्र का

"Limbic system" is part of

(A) Reproductive system
(B) Nervous system
(C) Digestive system
(D) Excretory system

18. निम्नलिखित में से कौन भारत में 31 दिसंबर 2024 तक रामसर स्थल है ?

a. बखिरा वन्यजीव अभयारण्य
b. रामगढ़ झील
c. सुन्दरबन आर्द्रभूमि
d. सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) केवल a और b
(B) केवल b, c और d
(C) a, b, c और d
(D) केवल a और c

Which of the following is a Ramsar site in India as on December 31, 2024 ?

a. Bakhira Wildlife Sanctuary
b. Ramgarh Lake
c. Sundarban Wetland
d. Sultanpur National Park

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(A) a and b only
(B) b, c and d only
(C) a, b, c and d
(D) a and c only

19. 'बैरन' द्वीप स्थित हैं

(A) अण्डमान में (B) निकोबार में (C) लक्षद्वीप में (D) मिनिकाय में

'Barren' Island is situated in

(A) Andaman (B) Nicobar (C) Lakshadweep (D) Minicoy

20. आणविक ऊर्जा संस्थान, ट्राम्बे की स्थापना कब हुई थी ?

In which year Atomic Energy Institute, Trombay was established ?

(A) 1948 (B) 1950 (C) 1952 (D) 1954

21. नीचे आर्द्रभूमि स्थल एवं राज्यों के नाम के जोड़े दिये गये हैं । सही जोड़ों का चुनाव कीजिए ।

| **आर्द्रभूमि स्थल** | | **राज्य** |
|---|---|---|
| 1. शक्य सागर | – | मध्यप्रदेश |
| 2. सिरपुर वेटलैण्ड | – | त्रिपुरा |
| 3. पाला वेटलैण्ड | – | मेघालय |
| 4. सुर सरोवर | – | उत्तरप्रदेश |

(A) 1 एवं 2 सही हैं (B) 1 एवं 4 सही हैं

(C) 2 एवं 3 सही हैं (D) 2 एवं 4 सही हैं

Ramsar sites and name of states paired below. Choose the correct pair.

| **Ramsar Site** | | **State** |
|---|---|---|
| 1. Sakya Sagar | – | Madhya Pradesh |
| 2. Sirpur Wetland | – | Tripura |
| 3. Pala Wetland | – | Meghalaya |
| 4. Sur Sarovar | – | Uttar Pradesh |

(A) 1 and 2 are correct (B) 1 and 4 are correct

(C) 2 and 3 are correct (D) 2 and 4 are correct

22. किस अभिलेख में कालीदास एवं भारवी दोनों का उनके नामों से उल्लेख मिलता है ?

(A) प्रयाग प्रशस्ति (B) ऐहोले प्रशस्ति

(C) अयोध्या अभिलेख (D) भितरी स्तम्भ अभिलेख

In which inscription both Kalidas and Bharavi are mentioned by their names ?

(A) Prayag Prashasti (B) Aihole Prashasti

(C) Ayodhya Inscription (D) Bhitari Pillar Inscription

23. दक्षिण अफ्रीका में जुलु विद्रोह के समय गाँधीजी को अंग्रेजों की सेना में कौन–सी पदवी दी गयी थी ?

(A) कर्नल (B) सार्जेन्ट (C) सार्जेन्ट मेजर (D) मेजर

Which rank was given to Gandhiji in British Army at the time of Julu Revolt in South Africa ?

(A) Colonel (B) Sergeant (C) Sergeant Major (D) Major

24. 'बाबरनामा' किस भाषा में लिखी गयी थी ?

(A) पारसी (B) तुर्की (C) अरबी (D) उर्दू

In which language was 'Babarnama' written ?

(A) Persian (B) Turkish (C) Arabic (D) Urdu

25. जनहित याचिका की अवधारणा की उत्पत्ति हुई

(A) आस्ट्रेलिया में (B) भारत में

(C) संयुक्त राज्य अमेरिका में (D) युनाइटेड किंगडम में

The concept of Public Interest Litigation was originated in

(A) Australia (B) India

(C) United States of America (D) United Kingdom (U.K.)

26. संविधान सभा का प्रथम अधिवेशन सत्र कब आयोजित हुआ था ?

(A) 16 अगस्त 1947 (B) 26 जनवरी 1947

(C) 09 दिसंबर 1946 (D) 26 नवंबर 1946

When was the first session of Constitutional Assembly held ?

(A) 16th August 1947 (B) 26th January 1947

(C) 09th December 1946 (D) 26th November 1946

27. भारत के संविधान में निम्नलिखित में से कौन–सा अनुच्छेद वयस्क मताधिकार से संबंधित है ?

(A) अनुच्छेद 324 (B) अनुच्छेद 325 (C) अनुच्छेद 326 (D) अनुच्छेद 327

Which one of the following Articles of Constitution of India deals with adult suffrage ?

(A) Article 324 (B) Article 325 (C) Article 326 (D) Article 327

28. चावल उत्पादन में भारत का विश्व में कौन–सा स्थान है ?

(A) प्रथम (B) द्वितीय (C) तृतीय (D) चतुर्थ

What is the rank of India in the world in rice production ?

(A) 1st (B) 2nd (C) 3rd (D) 4th

29. पी.एल.आई. (P.L.I.) स्कीम किस एक क्षेत्र से संबंधित नहीं है ?

(A) मोबाइल विनिर्माण (B) आटोमोबाइल उद्योग

(C) चिकित्सा उपकरण (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

PLI scheme is not related to which one of the following ?

(A) Mobile manufacturing (B) Automobile industry

(C) Medical devices (D) None of the above

30. भारत में स्वतंत्रता के पश्चात भूमि सुधार को लागू करने का प्राथमिक उद्देश्य था

(A) भूमिहीन किसानों को भूमि का पुनर्वितरण (B) अचल सम्पत्ति को बढ़ावा देना

(C) कृषि उद्योगों को प्रोत्साहित करना (D) खेती हेतु कृषि भूमि का निजीकरण

The primary objective of land reform in India implemented in the Post Independence was

(A) Redistribution of land to landless farmer (B) To promote real estate

(C) Promotion of agro industries (D) Privatization of agricultural land for cultivation

## हिन्दी

31. ब्रजभाषा व्याकरण के लेखक हैं
(A) बाबूराम सक्सेना (B) हरदेव बाहरी (C) धीरेन्द्र वर्मा (D) भोलानाथ तिवारी

32. 'बंगले के पीछे लगा पेड़ गिर गया' ।
उपर्युक्त वाक्यांश में कौन-सा पदबंध है ?
(A) संज्ञा पदबंध (B) सर्वनाम पदबंध (C) क्रिया विशेषण पदबंध (D) विशेषण पदबंध

33. 'च वर्ग' की ध्वनियाँ निम्नांकित में से किस प्रकार की हैं ?
(A) स्पर्श (B) स्पर्श संघर्षी (C) पार्श्विक (D) संघर्षी

34. हिंदी की किस बोली में कर्ता के साथ 'ने' का प्रयोग नहीं होता ?
(A) कौरवी (B) बुंदेली (C) ब्रजभाषा (D) बघेली

35. ''हिंदी एकदम संस्कृत की चेरी नहीं है, इसीलिए उस पर हर समय संस्कृत के व्याकरण को लादने की कोशिश नहीं करनी चाहिए'' यह कथन निम्नलिखित में से किसका है ?
(A) राहुल सांकृत्यायन (B) भोलानाथ तिवारी (C) रामविलास शर्मा (D) कामता प्रसाद गुरु

36. अपभ्रंश का वेदव्यास किसे कहा जाता है ?
(A) कवि स्वयंभू (B) हेमचंद्र (C) पुष्पदंत (D) हरिभद्र

37. 'क्' ध्वनि है
(A) अक्षर (B) स्वनिम (C) संस्वन (D) रूपिम

38. उस रचना का नाम बताइए जिसमें संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश तीनों का समावेश है
(A) पद्मचरित (B) हरिवंश पुराण (C) दोहाकोश (D) सिद्ध हेमचंद शब्दानुशासन

39. 'देसिल बअना सब जन मिट्ठा'
उक्त पंक्ति किस भाषा का प्रयोग है ?
(A) अपभ्रंश (B) अवहट्ट (C) ब्रजभाषा (D) अवधी

40. अवधी का विकास किस अपभ्रंश से हुआ ?
(A) शौरसेनी (B) मागधी (C) अर्धमागधी (D) पैशाची

41. निम्न में से कौन 'बघेली' बोली का क्षेत्र है ?
(A) होशंगाबाद (B) शहडोल (C) बिलासपुर (D) सागर

42. अवधी-काव्यकृति 'चकल्लस' के रचनाकार हैं
(A) बंशीधर शुक्ल (B) चंद्रभूषण त्रिवेदी 'रमई काका'
(C) बलभद्रप्रसाद दीक्षित 'पढ़ीस' (D) गुरुप्रसाद सिंह 'मृगेश'

43. देवनागरी लिपि में अधिकत: कौन-सी लिपि है ?
(A) वर्णनात्मक (B) प्रतीकात्मक (C) चित्रात्मक (D) वर्णात्मक

44. 'भारतीय प्राचीन लिपिमाला' के रचनाकार हैं
(A) कामता प्रसाद गुरु (B) सुनीत कुमार चटर्जी
(C) गौरीशंकर हीराचंद ओझा (D) किशोरीदास वाजपेयी

45. निम्नलिखित में से किस लिपि का विकास देवनागरी लिपि से नहीं हुआ है ?
(A) कैथी लिपि (B) गुजराती लिपि (C) बांगला लिपि (D) शारदा लिपि

46. भाषा के चिन्हों को प्रकट करने का माध्यम है
(A) ध्वनि (B) वाक्य (C) लिपि (D) व्याकरण

47. 'एक ध्वनि के लिए एक लिपि चिह्न' किस लिपि की विशेषता है ?
(A) रोमन (B) देवनागरी (C) फारसी (D) कुटिल

48. यूनिकोड है एक
(A) टाइपिंग का प्रकार (B) यूनिवर्सिटी (C) कोडवर्ड (D) वेशभूषा

49. कंप्यूटर की भाषा में मंगल, कृतिदेव, चाणक्य हैं
(A) देवता (B) फॉण्ट (C) यान (D) ग्रह

50. जिस लिपि में शिरोरेखा का प्रयोग होता है, वह है
(A) गुजराती (B) फारसी (C) रोमन (D) देवनागरी

51. 'लीला हिंदी प्रबोध' साफ्टवेयर किस क्षेत्र में उपयोगी है ?
(A) संदेश-प्रेषण (B) शब्द-संग्रह (C) हिंदी भाषा शिक्षण (D) संभाषण

52. यूनीकोड का विस्तारित रूप है
(A) यूनिवर्सल कोड (B) यूनिफाइड कोड (C) यूनिट कोड (D) यूनिट डिजिटल कोड

53. हिंदुस्तानी एकेडेमी, प्रयागराज द्वारा प्रदान किया जाने वाला गुरु गोरक्षनाथ पुरस्कार – 2021 किसको दिया गया है ?
(A) प्रो. हरिशंकर मिश्र (B) डॉ. कन्हैया सिंह (C) प्रो. त्रिभुवननाथ शुक्ल (D) डॉ. भगवान सिंह

54. वर्ष 2021 का 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार किसे दिया गया ?
(A) नंद किशोर आचार्य (B) दया प्रकाश सिन्हा (C) रामदरश मिश्र (D) अनामिका

55. हिंदी के प्रसार में संलग्न संस्था 'नागरी प्रचारिणी सभा(काशी)' की स्थापना कब हुई ?
(A) 16 जुलाई, 1883 ई. (B) 26 जुलाई, 1889 ई. (C) 16 जुलाई, 1891 ई. (D) 16 जुलाई, 1893 ई.

56. 'संत-साहित्य-संदर्भ कोश' का लेखक है
(A) विद्यानिवास मिश्र (B) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र (C) कृष्णविहारी मिश्र (D) रमेशचन्द्र मिश्र

57. 'साहित्य अकादमी पुरस्कार', 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' और 'व्यास सम्मान' – तीनों से किस साहित्यकार को सम्मानित किया गया है ?
(A) रामधारी सिंह दिनकर (B) भीष्म साहनी (C) श्री नरेश मेहता (D) कुँवर नारायण सिंह

58. 'हिंदुस्तानी अकादमी' प्रयागराज का स्थापना वर्ष है
(A) सन् 1927 (B) सन् 1920 (C) सन् 1917 (D) सन् 1910

59. केंद्रीय हिंदी संस्थान का मुख्यालय कहाँ है ?
(A) आगरा (B) बरेली (C) लखनऊ (D) प्रयागराज

60. उत्तरप्रदेश हिंदी संस्थान का सबसे बड़ा साहित्यिक पुरस्कार है
(A) व्यास सम्मान (B) सरस्वती सम्मान (C) ज्ञानपीठ पुरस्कार (D) भारत भारती पुरस्कार

61. हिन्दी के पहले वेब पोर्टल 'वेब दुनिया' (www.webdunia.com.) की स्थापना कब हुई थी ?
(A) 11 जून, 1997 (B) 10 अप्रैल, 1998 (C) 15 अक्टूबर, 1995 (D) 23 सितम्बर, 1999

62. दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा की स्थापना कब हुई थी ?
(A) 1918 ई. में (B) 1922 ई. में (C) 1929 ई. में (D) 1936 ई. में

63. गवेषणा पत्रिका का प्रकाशन किस संस्थान द्वारा किया जाता है ?
(A) हिंदुस्तानी अकादेमी, प्रयागराज (B)उ.प्र. हिन्दी संस्थान, लखनऊ
(C) साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली (D) केंद्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा

64. 'वाणी-साहित्य का इतिहास' किसकी कृति है ?
(A) रमेशचन्द्र शाह (B) नरेश मिश्र (C) परमानंद श्रीवास्तव (D) रमेशचंद्र मिश्र

65. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना शुद्ध प्रेमकाव्य है ?
(A) खुमाण रासो (B) पृथ्वीराज रासो (C) बीसलदेव रासो (D) कीर्तिलता

66. छायावाद को 'शक्ति काव्य' किसने कहा है ?
(A) डॉ. रामदरश मिश्र (B) डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी (C) डॉ. नामवर सिंह (D) डॉ. बच्चन सिंह

67. सर्वप्रथम किसने 'पृथ्वीराज रासो' को अनैतिहासिक ग्रंथ घोषित किया ?
(A) डॉ. ग्रियर्सन ने (B) अगरचंद नाहटा ने (C) डॉ. बूलर ने (D) जेम्स टाड ने

68. यदि प्रबंधकाव्य एक विस्तृत वनस्थली है तो मुक्तक एक चुना हुआ गुलदस्ता है । बिहारी के दोहों के संदर्भ में यह किसका कथन है ?
(A) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र (B) रामचंद्र शुक्ल (C) रामकुमार वर्मा (D) बच्चन सिंह

69. इनमें से कौन अष्टछाप का कवि नहीं है ?
(A) गोविंद स्वामी (B) धर्म दास (C) परमानंद दास (D) कृष्ण दास

70. 'भक्ति आंदोलन ईसाई प्रभाव का परिणाम है'
उक्त मत किस लेखक का है ?
(A) रामचंद्र शुक्ल (B) श्यामसुंदर दास (C) हजारी प्रसाद द्विवेदी (D) जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन

71. 'राम सतसई' किस परंपरा का ग्रंथ है ?
(A) रामभक्ति परंपरा (B) शृंगार परंपरा (C) काव्यशास्त्रीय परंपरा (D) निर्गुण भक्ति परंपरा

72. यूरोप में 'बिहारी सतसई के समकक्ष कोई रचना नहीं है ।' यह कथन किस विद्वान का है ?
(A) गार्सा द तासी (B) रामचंद्र शुक्ल (C) ग्रियर्सन (D) मिश्रबंधु

73. 'संतन को कहा सीकरी सों काम' में 'सीकरी' का अर्थ है
(A) धन (B) ऐश्वर्य (C) चप्पल (D) फतेहपुर सीकरी

74. महावीर प्रसाद द्विवेदी युग के निबंधकार हैं
(A) कशीनाथ खत्री (B) रमाशंकर व्यास
(C) मुंशी देवी प्रसाद मुंसिफ (D) पद्म सिंह शर्मा

75. गद्य के क्षेत्र में भारतेंदु हरिश्चंद्र का ध्यान सर्वप्रथम किस विधा पर गया ?
(A) निबंध (B) कहानी (C) नाटक (D) उपन्यास

76. रिपोतार्ज किस भाषा का शब्द है ?
(A) अंग्रेजी (B) फ्रांसीसी (C) जर्मन (D) पुर्तगाली

77. 'देहाती दुनिया' उपन्यास के लेखक हैं
(A) देवकी नंदन खत्री (B) किशोरी लाल गोस्वामी (C) शिवपूजन सहाय (D) लाला श्रीनिवास दास

78. 'स्त्री जब तक ससुराल की, तभी तक मैके की है । ससुराल से टूटी तो मैके से तो आप ही टूट जाती है ।' यह कथन किसका है ?
(A) इलाचन्द्र जोशी (B) जैनेन्द्र कुमार (C) पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र' (D) मन्नू भंडारी

79. भरतमुनि ने मूलत: कितने रस माने हैं ?
(A) चार/4 (B) आठ/8 (C) नौ/9 (D) दस/10

80. नई समीक्षा के जनक माने जाते हैं
(A) टी. एस. इलियट (B) वर्ड्सवर्थ (C) वेनेदितो क्रोचे (D) रिचर्ड्स

81. चंपक हरवा अंग मिल अधिक सुहाय,
जानि परै सिय-हिय पै जब कुँभिलाय ।
उपर्युक्त पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है ?
(A) प्रतीप (B) तद्गुण (C) उन्मीलित (D) अत्युक्ति

82. आचार्य भरतमुनि ने अपने नाट्यशास्त्र में काव्य-बंध की शोभा बढ़ाने वाले कितने लक्षणों का वर्णन किया है ?
(A) 26 (B) 36 (C) 18 (D) 33

83. लोंजाइनस की कृति कौन-सी है ?
(A) सिम्पोजियम (B) पोएटिक्स (C) रिपब्लिक (D) पेरिइप्सुस

84. 'मेरो मन अनत कहाँ सुख पावैं' में रस है
(A) वात्सल्य (वत्सल) (B) शांत (C) अद्भुत (D) शृंगार

85. निम्नलिखित में से किस आलोचक का संबंध मार्क्सवाद से नहीं है ?
(A) प्रकाश चंद्र गुप्त (B) राम स्वरूप चतुर्वेदी (C) रमेशकुंतलमेघ (D) रांगेय राघव

86. बिम्ब का अनिवार्य तत्त्व है
(A) सपाटबयानी (B) ऐन्द्रियता (C) यथार्थ (D) विवरणात्मकता

87. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की समीक्षा का सैद्धांतिक आधार है
(A) भारतीय रसवाद (B) कल्पनात्मक अनुभूतिवाद (C) ध्वनि सिद्धांत (D) अभिव्यंजनावाद

88. कॉलरिज ने 'कल्पना' के कितने भेद माने हैं ?
(A) दो (B) तीन (C) चार (D) पाँच

89. 'विस्तृत नभ का कोई कोना
मेरा न कभी अपना होना'
उपर्युक्त काव्य पंक्तियाँ महादेवी वर्मा के किस काव्य संग्रह से संबद्ध हैं ?
(A) सांध्यगीत (B) नीहार (C) रश्मि (D) नीरजा

90. 'भारत की आरती' कविता की रचना किसने की है ?
(A) शमशेर बहादुर सिंह (B) भवानी प्रसाद मिश्र
(C) मैथिलीशरण गुप्त (D) जयशंकर प्रसाद

91. 'कबीरदास की भक्तिसाधना का केंद्रबिंदु प्रेमलीला है' – यह कथन किस विद्वान का है ?
(A) डॉ. रामकुमार वर्मा (B) आचार्य परशुराम चतुर्वेदी
(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी (D) डॉ. युगेश्वर

92. गोस्वामी तुलसीदास की स्वान्तः 'सुखाय रचना वस्तुतः परान्तः सुखाय' से प्रेरित है । यह किस आलोचक की मान्यता है ?
(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) पं. विद्यानिवास मिश्र (D) आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

93. प्रसाद जी की मौलिक कहानी 'ग्राम' सर्वप्रथम किस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी ?
(A) हिंदी प्रदीप (B) भारत बंधु (C) प्रयाग समाचार (D) इंदु

94. हजारी प्रसाद द्विवेदी का निम्नलिखित में से कौन–सा उपन्यास कथास्रोत की दृष्टि से चौथी शताब्दी के समय से संबंधित है ?
(A) अनामदास का पोथा (B) चारुचन्द्र लेख
(C) पुनर्नवा (D) बाणभट्ट की आत्मकथा

95. 'सिंदूर की होली' नाटक का प्रकाशन वर्ष है
(A) 1961 (B) 1964 (C) 1966 (D) 1967

96. 'मैला आँचल' का नामकरण किस कवि की काव्य–कृति के आधार पर हुआ है ?
(A) सोहनलाल द्विवेदी (B) हरिवंशराय बच्चन (C) सुमित्रानंदन पंत (D) नरेन्द्र शर्मा

97. 'धोखा' निबंध के रचयिता कौन हैं ?
(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (B) प्रतापनारायण मिश्र (C) बालमुकुन्द गुप्त (D) बालकृष्ण भट्ट

98. प्रतापनारायण मिश्र का निबंध नहीं है
(A) धर्म और समाज (B) धोखा (C) खुसामद (D) बात

99. 'शिवशंभू के चिट्ठे' किस वायसराय को संबोधित करके लिखे गए थे ?
(A) लार्ड कर्जन (B) लार्ड डलहौजी (C) लार्ड वेवेल (D) लार्ड विलियम बेंटिंग

100. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के बलिया व्याख्यान का वर्ष है
(A) 1884 ई. (B) 1873 ई. (C) 1875 ई. (D) 1860 ई.

रफ कार्य के लिए जगह

**Space for Rough Work**

**DO NOT OPEN THIS QUESTION BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO.**

# Question Booklet

**Subject Code : 01**

**Subject : Hindi**

**Roll No. (In Figures) :** | | | | | | | |

**Roll No. (In Words) :** ______________________________

| Signature of Candidate | | Signature of Invigilator | |
|---|---|---|---|

**Time : 2 Hours** **Maximum Marks : 200**

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. There are two Parts in this Question Booklet. The first part of which contains a total of **30** questions related to General Knowledge.
2. There are a total of **70** questions related to the optional subject in the second part of this Question Booklet.
3. There are **100** question items given in this Question Booklet. Each question item is printed in both Hindi and English. Four options are given for each question. Choose one of these options which you want to mark on the Answer Sheet. If you feel that more than one option is correct, then mark the option which you think is best. Only one option has to be chosen for each question item.
4. **Immediately after the commencement of the examination, you must check the Question Booklet to ensure that there are no unprinted, torn or missing pages or question parts etc. in it.**
5. Candidates should open the seal of the Question Booklet only after being instructed by the Room Invigilator.
6. Before answering on the Answer Sheet (OMR Sheet), the candidate should carefully read all the instructions in the Question Booklet and Answer Sheet.
7. The candidate must write his/her roll number, subject, correct question paper code, number of answered questions and number of unanswered questions neatly on the Answer Sheet (OMR Sheet), otherwise the Answer Sheet will not be evaluated and the entire responsibility will be of the candidate himself/herself.
8. The candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the OMR sheet using black ball point pen only. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer and it will not be evaluated.
9. Once answer is marked in the Answer Sheet (OMR Sheet), no change is permitted.
10. Candidate should not fold the Answer Sheet (OMR Sheet).
11. You are to mark your answers on Answer Sheet (OMR Sheet) only. When the examination is over, handover the Answer Sheet (OMR Sheet) to the Room Invigilator.
12. In case of any discrepancy between the Hindi and English versions, English version will be taken as final.
13. If any candidate uses or attempts to use unfair means or creates any disturbance in the examination hall, he/she will be disqualified from the examination.
14. No candidate will leave the examination hall until **120** minutes (two hours) are completed.
15. Rough work, if any, should be done on the blank sheets prescribed for this purpose only. No extra sheets will be provided.
16. Use only black ball point pen for writing your roll number etc. and for filling in the answers on the Answer Sheet (OMR Sheet).

**DO NOT OPEN THIS QUESTION BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO.**

**ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपांतर इस प्रश्न–पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर छपा है ।**